दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 20 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-142

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्लोबल वार्मिंग' शब्द को प्रचलित करने वाले वैज्ञानिक का निधन

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। 'ग्लोबल वार्मिंग' शब्द को प्रचलित करने वाले जलवायु वैज्ञानिक वालेस स्मिथ ब्रोकर का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।

### दक्षिण कोरिया में आग से दो लोगों की मौत, 50 अचेत

सोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया में एक सार्वजनिक स्नानागार में मंगलवार सुबह आग लग गई जिसमें दो व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 50 लोग धुएं की वजह से अचेत हो गये।

### जूतों की फैक्टरी में भीषण आग लगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के नरेला औद्योगिक इलाके में स्थित एक जूतों की फैक्टरी में मंगलवार को भीषण आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नरेला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कारखाने की तीन मंजिलों में तड़के 3.15 बजे आग लग गई।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, 7 लोगों की मौके पर मौत

मथुरा (आरएनएस)। मथुरा में मंगलवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव क्षेत्र के गांव बुर्ज सुखदेव के निकट बेकाबू एंबुलेंस ने सैंट्रो और आई टेन कार को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया. जहां तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है.

### शहीद की बेटी को डॉक्टर बनने में मदद करेंगी प्रियंका

लखनऊ (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के निवासी अजीत कुमार आजाद की बेटी ईशा से कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बातचीत की व धीरज बधांया। यह बातचीत उन्नाव की पूर्व कांग्रेस सांसद अन्नू टंडन ने करवाई। ईशा ने बताया कि प्रियंका ने पूछा कि वह आगे क्या करना चाहती हैं। तो उन्होंने कहा कि वह डॉक्टर बनकर लोगों की मदद करना चाहती हैं, तो प्रियंका ने वादा किया हम आपकी पूरी मदद करेंगे।

### युवाओं से खिलवाड़ कर रही मोदी सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान युवाओं के लिए ठोस काम करने की बजाय उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल से साबित हो गया है कि वह समाज में न सिर्फ असमानता को बढावा दे रही है बल्कि आर्थिक विकास की विरोधी, शिक्षा विरोधी और युवा विरोधी भी है।

### अगले 10 दिन के लिए बुक हुई वंदे भारत एक्सप्रेस की टिकटें

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारत की सबसे तेज गति से चलने वाली ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस की टिकटें अगले 10 दिन के लिए बिक गई हैं। रेलवे ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रेन सप्ताह में पांच दिन चलेगी। यह सोमवार और गुरुवार को नहीं चलेगी। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेन मंगलवार के लिए 121 प्रतिशत, बुधवार के लिए 112 प्रतिशत, शुक्रवार के लिए 109 प्रतिशत और शनिवार के लिए 114 प्रतिशत बुक है। इसी प्रकार 24 फरवरी से लेकर तीन मार्च तक ट्रेन औसतन 104 प्रतिशत बुक है।

### नलिनी चिदंबरम को गिरफ्तारी से मिला अंतरिम संरक्षण

नई दिल्ली (आरएनएस)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की पत्नी नलिनी चिदंबरम को सारदा चिटफंड घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से छह सप्ताह के लिए अंतरिम संरक्षण प्रदान किया।

## किसी को भी मेडिकल और कानून की शिक्षा का मखौल बनाने की इजाजत नहीं हैः सुप्रीम कोर्ट



नयी दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्त शब्दों में कहा कि देश में किसी को भी मेडिकल और कानून की शिक्षा का मखौल बनाने की इजाजत नहीं दी जायेगी। न्यायालय ने चेतावनी दी कि इसकी गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाये जायेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी के लिये यह धन अर्जित करने का साधन हो सकता है परंतु न्यायालय का सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता से सरोकार है। न्यायमूर्ति एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब भारतीय चिकित्सा परिषद के वकील ने कहा कि उसे उत्तर प्रदेश के एक मेडिकल कालेज में निरीक्षण की इजाजत नहीं दी जा रही है। पीठ ने कहा, ''हम किसी को भी देश में मेडिकल शिक्षा का मखौल बनाने की अनुमति नहीं दे सकते। दूसरा क्षेत्र कानून की शिक्षा है जिसे लेकर हम चिंतित हैं। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति से सख्ती से निबटा जायेगा।'' पीठ ने कहा, ''कुछ के लिये यह धन अर्जित करने का मामला हो सकता है परंतु न्यायालय का सरोकार सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर है।'' भारतीय चिकित्सा परिषद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि उप्र का एक कालेज न्यायालय के निर्देश के बावजूद निरीक्षण दल को प्रवेश की इजाजत नहीं दे रहा है। सिंह ने कहा, ''हम यह कहना चाहते हैं कि एक कालेज में तो ऐसी खामियां हैं जिनके लिये किसी न किसी को जेल भेजने की आवश्यकता है।'' इस पर, पीठ ने कहा कि यदि ऐसी बात है तो हम अगले साल से ऐसे कालेजों पर अपने यहां दाखिला लेने से रोक देंगे। न्यायालय ने बिहार, उप्र और झारखण्ड को भारतीय चिकित्सा परिषद की याचिका पर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुये इस मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

## कार में छिपाकर 11 करोड़ रुपए नगदी लेकर जा रहे एक महिला सहित 3 लोग चेकिंग के दौरान गिरफ्तार

### खल्लारी पुलिस थाने की टीम ने की कार्रवाई



महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के खल्लारी थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 10 करोड़ 90 लाख रुपए बरामद किए हैं। इन रुपयों के साथ एक महिला सहित तीन लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। जिनसे सघन पूछताछ पुलिस के आला अधिकारी कर रहे हैं। ओडिशा प्रांत के कटक से इटीयोश कार क्रमांक यूपी 80 ई क्यू 968 में सवार होकर बनवारी जाट (वाहन चालक) निवासी आगरा उत्तरप्रदेश, मोहम्मद ईब रहीम निवासी आगरा, नजमा इब्राहिम निवासी आगरा और प्रहलाद बघेल निवासी आगरा कटक से निकलकर आगरा की ओर जा रहे थे। गुरुवार सुबह खल्लारी पुलिस की टीम ने संदेह के आधार पर गाड़ी को रोकवाया और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान गाड़ी के पीछे वाली सीट में चेंबर बनाकर 10 करोड़ 90 लाख रुपए के 500-500 के नोट रखे हुए थे। पुलिस की टीम ने चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि आगरा निवासी अवधेश अग्रवाल ओडिशा के कटक में पैसे लेने के लिए इन चारों लोगों को भेजा था। बहरहाल पुलिस चारों से और सघनता से पूछताछ कर रही है।

**लोकसभा चुनाव के पहले सीमावर्ती क्षेत्रों में जारी है सघन चेकिंग**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस सतर्क हो गई है और वाहनों की सघन चेकिंग लगातार जारी है। खासकर दो पहिया और चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग जोरों पर हैं।

## देशभर में एक ही इमरजेंसी नंबर '112' हुआ शुरू





नयी दिल्ली (आरएनएस)। देश में हर इमरजेंसी के लिए आज से एक ही नंबर '112' शुरू हो गया। मौजूदा पुलिस सहायता नंबर '100' को इससे जोड़ दिया गया है जबकि पहले से इस्तेमाल किये जा रहे अन्य नंबरों को जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गाँधी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर '112' नंबर की शुरुआत की और '112 ऐप' लांच किया। कुल 17 राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेशों में यह नंबर आज से शुरू हो गया है जबकि अन्य राज्यों में इसे इस साल के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य है। फीचर फोन पर '5' या '9' के बटन को ज्यादा देर के लिए दबाकर भी 112 डायल किया जा सकेगा। स्मार्टफोन पर शॉर्टकट में इसे डायल करने के लिए पावर बटन को तीन बार दबाना होगा। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण दो और पहल लॉन्च किये गये। श्रीमती गांधी ने सुरक्षित शहर क्रियान्वयन निगरानी पोर्टल और श्री सिंह ने यौन अपराधों की जाँच की स्थिति पता करने की ऑनलाइन प्रणाली लॉन्च की। '112 ऐप' डाउनलोड करने के बाद उसमें 10 परिजनों/दोस्तों के नंबर जोड़े जा सकते हैं और जब कभी फोनधारक 112 डायल करेगा, इससे जुड़े सभी नंबरों को भी इसकी सूचना मिल जायेगी।

## अनियंत्रित ट्रक ने लोगों को कुचला, 13 की मौत, 35 घायल

**राजस्थान में भीषण सड़क हादसा**





जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. जानकारी के मुताबिक छोटी सादड़ी थाना क्षेत्र के रामदेवरा-अम्बावली क्षेत्र में एनएच 113 पर एक शादी की बिन्दौली जा रही थी. तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने लोगों को कुचल दिया. घटना में 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 35 लोग घायल हो गए हैं. शवों को छोटी सादड़ी अस्पताल पहुंचा दिया गया है. घायलों का उपचार भी इसी अस्पताल में चल रहा है. लोगों को कुचलने के बाद चालक कुछ ही दूरी पर ट्रक छोड़ मौके से फरार हो गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है. हादसे के बाद जिले के एसपी अनिल बेनीवाल और कलेक्टर श्याम सिंह राजपुरोहित भी मौके पर पहुंचे.

गौरतलब है कि नीमच जिले से लगे चित्तौड़गढ़ जिले की छोटी सादड़ी तहसील के रहने वाले रतनलाल के बेटी की शादी थी. इसी दौरान छोटी सादड़ी में बिन्दौली निकाली जा रही थी. जानकारी के मुताबिक बिन्दौली में 50 से ज्यादा लोग शामिल थे. छोटी सादड़ी के रामदेवरा मंदिर के पास से जब बिन्दौली पहुंची तो सामने की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने लोगों को कुचल दिया.

घटना की जानकारी पर छोटी सादड़ी पुलिस मौके पर पहुंची. साथ ही निम्बाहेडा और नीमच पुलिस व एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची. जिसके बाद सभी घायलों और मृतकों को छोटी सादड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया.

**दो जिलों की पुलिस और एंबुलेंस मौके पर-**

बता दें की हादसा इतना भीषण था कि छोटी सादड़ी पुलिस और अस्पताल की एंबुलेंस भी कम पड गई. जिसके बाद निम्बाहेड़ा और नीमच से पुलिस बल व एंबुलेंस मौके पर बुलवाया गया. नीमच जिले से पुलिस की थाना मोबाइल और करीब 5 से ज्यादा एंबुलेंस मौके पर पहुंची.

**सीएम ने ट्वीट कर जताई संवेदना -**

इस दर्दनाक हादसे के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना पर दुख जताते हुए ट्वीट किया और मृतकों के परिजनों के साथ संवेदना जताई. साथ ही क्षेत्र के सांसद सीपी जोशी भी छोटी सादड़ी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना.

**सहकारिता मंत्री ने दिए जांच के आदेश-**

घटना की जानकारी जैसे ही सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना को लगी तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश दिए हैं.

**परिवार में शादी की जगह पसरा मातम-**

शादी की जितनी खुशी परिजनों व रिश्तेदारों को थी वह सारी खुशी अब मातम में तब्दील हो चुकी है.

## कश्मीर में जो बंदूक उठाएगा मारा जाएगा

**सेना का सख्त संदेश**

श्रीनगर (आरएनएस)। पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारतीय सेना ने सख्त चेतावनी दी है. सेना ने बेहद सख्त लहजे में साफ किया कि आतंकियों के पास दो ही विकल्प हैं, या तो वो सरेंडर कर दें या फिर गोलियों के लिए तैयार रहें. भारतीय सेना की चिनार कॉर्प्स के जीओसी लेफ्टिनेंट कर्नल कंवलजीत सिंह ढिल्लन ने आतंकियों को सख्त पैगाम देते हुए कहा, सेना के पास सरेंडर पॉलिसी है और सभी आतंकी सरेंडर कर दें या फिर मौत के लिए तैयार रहें. ढिल्लन ने आतंकियों के मां-बाप को सलाह देते हुए कहा कि उनके मां-बाप आतंक की राह पकड़ चुके अपने बच्चों को सरेंडर करने के लिए कहें, क्योंकि जो बंदूक उठाएगा वो मारा जाएगा.

लेफ्टिनेंट कर्नल केजेएस ढिल्लन ने जानकारी दी कि सेना ने 100 घंटे से कम समय में पुलवामा आतंकी हमले का बदला ले लिया है. सेना के मुताबिक कश्मीर में जैश का सफाया हो चुका है. पुलवामा में सोमवार को हुई मुठभेड़ में 2 पाकिस्तानी और एक कश्मीरी आतंकी मार गिराए गए हैं. इस साल जैश के 31 आतंकी मार गिराए गए हैं.

## आपस में टकराए एयरफोर्स के 2 विमान, पायलट की मौत

**बेंगलुरु में एयर शो से पहले बड़ा हादसा**



बेंगलुरू (आरएनएस)। बेंगलुरू के येलहांका एयरबेस में मंगलवार को एयर शो एरो इंडिया 2019 के दौरान सूर्य किरण के 2 विमान दुर्घटना का शिकार हो गए। एयरबेस के एक अधिकारी ने बताया, दुर्घटना के तुरंत बाद दो पायलटों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। वहीं घटना के कुछ देर बाद खबरें आई कि इस हादसे में एक अन्य पायलट की मौत हो गई है, जोकि हादसाग्रस्त हुए विमानों में से एक में सवार था। हालांकि अभी पायलट की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं इस हादसे में एक स्थानीय नागरिक भी बुरी तरह घायल हो गया है।

बेंगलुरु पुलिस के बयान के मुताबिक इस हादसे में एक नागरिक घायल हुआ है। दोनों पायलटों को निकाल लिया गया है। ये दोनों विमान येलहांका न्यू टाउन एरिया के पास गिरे हैं। एयर शो येलाहंका एयरफोर्स बेस पर हो रहा था और इसमें राफेल विमान भी प्रदर्शित होना है।

## प्रेमी की नाक काटने के आरोप में पांच गिरफ्तार

अमरेली (आरएनएस)। गुजरात में अमरेली जिले के बाबरा क्षेत्र के एक गांव में प्रेमी की नाक काटने के मामले में लड़की के पिता सहित पांच आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि जीवापरा गांव में रहने वाले प्रकाशभाई मकवाणा (23) को जगदीशभाई शवाभाई की पुत्री से प्रेम हो गया था। इसकी जानकारी मिलते ही जगदीशभाई तथा चार अन्य लोगों ने रविवार की देर रात प्रकाशभाई को पकड़ कर उसकी नाक काट डाली। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जगदीशभाई सहित पांच लोगों को गिरफ्तार करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भारत ने आईसीजे में गिनाए पाक के झूठ



हेग (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय न्यायिक अदालत (आईसीजे) ने कुलभूषण जाधव मामले की सोमवार से सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान भारत की ओर से दीपक मित्तल ने अदालत को बताया कि पाकिस्तान ने जाधव के खिलाफ हास्यास्पद कार्रवाई की है। वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने अदालत से कहा कि एक भारतीय नागरिक का जीवन खतरे में है और यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान इस मामले को अपने दुष्प्रचार अभियान के लिए इस्तेमाल कर रहा है तथा यह वियना समझौते का घोर उल्लंघन है। आईसीजे निर्धारित समय सारिणी के मुताबिक जाधव मामले की सुनवाई 21 फरवरी तक करेगा। दिसम्बर 2017 में जाधव को मां और पत्नी से मिलने की अनुमति दी गयी थी, लेकिन बाद में भारतीय विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया था कि जाधव इस दौरान काफी तनाव में था और दबाव के माहौल में बात कर रहा था। 48 साल के जाधव को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी के आरोप में अप्रैल 2017 में मृत्यु दंड की सजा दी थी, लेकिन बाद में भारत सरकार ने इस मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय अदालत का रुख किया। आईसीजे की 10सदस्यीय पीठ ने 18 मई 2017 को पाकिस्तानी सेना की अदालत के फैसले पर स्थगन दे दिया था। काउंसलर का एक्सेस न देने को गैरकानूनी बताते हुए साल्वे ने बताया कि भारत ने वक्त-वक्त पर 13 बार काउंसलर ऐक्सिस के लिए कहा गया।

## गौ तस्करों का पीछा करने के दौरान बीएसएफ का जवान डूबा



मुर्शिदाबाद (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के नजदीक गौ तस्करों का पीछा करने के दौरान, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स(बीएसएफ) के एक जवान की पद्मा नदी में डूबने से मौत हो गई. बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक बीएसएफ के एक गश्ती दल ने बृहस्पतिवार की रात गायों की झुंड के साथ कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा था. बीएसएफ के जवानों ने जब उन्हें रूकने के लिए कहा तो उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया और मवेशियों के साथ बांग्लादेश की ओर भागने लगे. बीएसएफ का कहना है कि सभी तस्कर लाठियों और अन्य धारदार हथियारों से लैस थे. ऑपरेशन के दौरान गश्ती दल में शामिल एक जवान देवाशीष राय तस्करों को पकड़ने के लिए दौड़े.

## जैश के आतंकियों का मारा जाना बड़ी कामयाबीः राजनाथ



नयी दिल्ली (आरएनएस)। गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पुलवामा हमले के मास्टर माइंड समेत जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादियों को सुरक्षा बलों द्वारा ढेर किये जाने को बड़ी कामयाबी बताया है।

श्री सिंह ने यहाँ एक कार्यक्रम से इतर इस संबंध में पूछे जाने पर कहा हमारी सेना और सुरक्षा बलों के जवान सारे कामों को लगातार अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा और सेना के जवानों के लिए यह अच्छी कामयाबी है, बड़ी कामयाबी है। उल्लेखनीय है कि सुरक्षाबलों ने पुलवामा में सोमवार को जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादियों को मार गिराया था। इनमें एक रशीद गाजी भी शामिल है जिसे पुलवामा जिले में 14 फरवरी को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों पर हुए हमले का मास्टर माइंड माना जा रहा था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गये थे।

## मोदी ने डीजल से विद्युत में परिवर्तित हुए पहले रेल इंजन को दिखाई हरी झंडी



वाराणसी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को डीजल से विद्युत में परिवर्तित हुए विश्व के पहले रेल इंजन को हरी झंडी दिखाई।

मोदी के स्वागत के लिए लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राज्यपाल राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रमुख महेंद्र नाथ पांडेय और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डीजल लोकोमोटिव वर्क्स (डीएलडब्ल्यू) परिसर से रेल इंजन को हरी झंडी दिखाने के बाद मोदी ने दिव्यांग लोगों से बात भी की।

प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग छह घंटे बिताने वाले हैं। इस दौरान वे 3,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। 2014 में यहां से सांसद बनने के बाद यह मोदी की इस शहर में 17वीं यात्रा है।